SAMVEG IAS

IAS | PCS | Civil Services

PREVIOUS YEAR PAPER | विगत वर्ष प्रश्नपत्र

UKPSC COMBINED STATE CIVIL / UPPER SUBORDINATE SERVICES (PRE) 2025

यूकेपीएससी सम्मिलित राज्य सिविल / प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2025

PAPER-II: GENERAL APTITUDE TEST (Re-Exam: 10 September 2025) | द्वितीय प्रश्न-पत्र: सामान्य बुद्धिमत्ता परीक्षा (पुनर्परीक्षा: 10 सितम्बर 2025)

Total Questions / कुल प्रश्न: 100 Max. Marks / पूर्णांक: 150 Time / समय: 2 Hours / 2 घंटे

Note: 100 objective questions of 1.5 marks each – Part 1: 80 questions, Part 2: 20 questions. The paper is qualifying (minimum 33% marks). One-fourth of the marks of a question is deducted for each wrong answer. In case of any printing or factual error, the English version shall be treated as standard.

नोट: कुल 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न, प्रत्येक 1.5 अंक का – खण्ड-1 में 80 प्रश्न तथा खण्ड-2 में 20 प्रश्न । प्रश्न-पत्र अर्हकारी प्रकृति का है (न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक अनिवार्य) । प्रत्येक गलत उत्तर हेतु निर्धारित अंकों का एक-चौथाई अंक काटा जाएगा । मुद्रण या तथ्यात्मक त्रुटि होने पर अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा ।

Part – 1 | खण्ड – 1

Q1. Statements : All apples are fruits.
All fruits are food.
Conclusion : All apples are food.
A) Partial true
B) False
C) True
D) Cannot be determined

प्र.1. कथन : सभी सेब फल हैं ।
सभी फल खाद्य पदार्थ हैं ।
निष्कर्ष : सभी सेब खाद्य पदार्थ हैं ।
A) आंशिक सत्य
B) असत्य
C) सत्य
D) निर्धारित नहीं किया जा सकता है ।

Q2. The sum of the series 1 + 1/4 + 1/16 + ... is :
A) 3/4
B) 4/3
C) 2
D) None of these

प्र.2. श्रेणी 1 + 1/4 + 1/16 + ... का योग है :
A) 3/4
B) 4/3
C) 2
D) इनमें से कोई नहीं

Q3. Choose proper arithmetical signs for the following equation :
12 – 4 – 2 – 1 = 24
A) –, ÷, ×
B) ×, ÷, ×
C) +, ×, ÷
D) None of these

प्र.3. निम्न समीकरण के लिए उचित अंकगणितीय चिह्न चुनिये :
12 – 4 – 2 – 1 = 24
A) –, ÷, ×
B) ×, ÷, ×
C) +, ×, ÷
D) इनमें से कोई नहीं

Q4. Statement : Should elections be conducted for student unions in educational institutions ?

Arguments : I Yes, it is important to conduct elections, so that the rights and complaints of the students can be heard by authorities.

II No, it disrupts the educational environment and leads to chaos and violence in institutions. It does not solve any problem but creates more issues.

A) Only I is strong.
B) Only II is strong.
C) Both I and II are strong.
D) Neither I nor II is strong.

प्र.4. कथन : क्या शैक्षणिक संस्थानों में छात्र संघों के लिए चुनाव आयोजित किये जाने चाहिए ?

तर्क : I हाँ, चुनाव आयोजित करना महत्त्वपूर्ण है ताकि छात्रों के अधिकारों और शिकायतों को प्राधिकारियों द्वारा सुना जा सके ।

II नहीं, यह शैक्षिक वातावरण को बाधित करता है और संस्थानों में अराजकता और हिंसा का कारण बनता है । यह किसी भी समस्या का समाधान नहीं करता बल्कि और अधिक समस्याएँ उत्पन्न करता है ।

A) केवल I मजबूत है ।
B) केवल II मजबूत है ।
C) I और II दोनों मजबूत हैं ।
D) न तो I और न ही II मजबूत है ।

Q5. Statement : Trade Unions slow down the industrial production.

Courses of Action : I Trade Unions should be banned.

II Industrialists should employ persons on temporary basis.

A) Only I follows.
B) Only II follows.
C) Either I or II follows.
D) Both I and II follows.

प्र.5. कथन : ट्रेड यूनियनें औद्योगिक उत्पादन को धीमा कर देती हैं ।

क्रियाविधि : I ट्रेड यूनियनों पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए ।

II उद्योगपतियों को अस्थाई आधार पर व्यक्तियों को नियुक्त करना चाहिए ।

A) केवल I अनुसरण करता है ।
B) केवल II अनुसरण करता है ।
C) या तो I या II अनुसरण करता है ।
D) I और II दोनों अनुसरण करते हैं ।

Q6. Statement : Government had put advertisements and issued advisories to public not to eat food from the roadside, as they are unhygienic.

Assumptions : I Government wants to stop roadside vendors' business.

II Government wants to increase the profit of hotel owners.

A) Only Assumption I is implicit.
B) Only Assumption II is implicit.
C) Neither Assumption I nor II is implicit.
D) Both the Assumptions I & II are implicit.

प्र.6. कथन : सरकार ने विज्ञापन दिए थे और जनता को सलाह जारी की थी कि वे सड़क के किनारे से खाना न खाएँ, क्योंकि वह अस्वास्थ्यकर होता है ।

धारणाएँ : I सरकार सड़क किनारे के विक्रेताओं का व्यापार बंद करना चाहती है ।

II सरकार होटल मालिकों का मुनाफा बढ़ाना चाहती है ।

A) केवल धारणा I अंतर्निहित है ।
B) केवल धारणा II अंतर्निहित है ।
C) न तो धारणा I और न ही II अंतर्निहित है ।
D) धारणाएँ I और II दोनों अंतर्निहित हैं ।

Q7. Which of the following Venn diagram represents the best to the following groups ?

Pigeons, Birds, Dogs

(a) (b) (c) (d)



प्र.7. निम्नलिखित में से कौन सा वेन आरेख निम्नलिखित समूहों को सबसे अच्छे से प्रदर्शित करता है ?

कबूतरों, चिड़ियों, कुत्तों

Q8. Which one of the following property is always found in "Bravery" ?

A) Courage
B) Experience
C) Power
D) Knowledge

प्र.8. निम्नलिखित में से कौन सा गुण हमेशा "बहादुरी" में पाया जाता है ?

A) साहस
B) अनुभव
C) शक्ति
D) ज्ञान

Q9. Given that

(i) P is the mother of Q.

(ii) R is the son of P.

(iii) S is the brother of T.

(iv) T is the daughter of Q.

Then, the grandmother of S is :

A) P

B) Q

C) R

D) T

प्र.9. दिया गया है कि

(i) P, Q की माँ है ।

(ii) R, P का पुत्र है ।

(iii) S, T का भाई है ।

(iv) T, Q की पुत्री है ।

तो S की दादी/नानी है :

A) P

B) Q

C) R

D) T

Q10. What should come in the place of question mark (?) in the following letter series ?

RQMR, YVVC, FAEN, MFNY, ?

A) TKWO

B) TMQM

C) TMNO

D) TKWJ

प्र.10. निम्नलिखित अक्षरीय शृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए ?

RQMR, YVVC, FAEN, MFNY, ?

A) TKWO

B) TMQM

C) TMNO

D) TKWJ

Q11. The missing term in the following number series is :

69, 70, 74, 83, ? , 124

A) 93

B) 99

C) 112

D) 120

प्र.11. निम्नलिखित संख्यात्मक श्रेणी में विलुप्त पद है :

69, 70, 74, 83, ?, 124


A) 93

B) 99

C) 112

D) 120

Q12. Study the Venn diagram given below and answer the question that follows :



How many Pens are there ?

A) 21

B) 12

C) 20

D) 25

प्र.12. नीचे दिए गये वेन आरेख का अध्ययन करें और उसके बाद आने वाले प्रश्न का उत्तर दें :

यहाँ पर कितनी कलमें हैं ?

A) 21

B) 12

C) 20

D) 25

Q13. In present time the age of a father is three times the age of his son. Five years ago the age of father was four times the age of son. The age of son (in years) is :

A) 12
B) 15
C) 18
D) 20

प्र.13. वर्तमान समय में एक पिता की उम्र अपने बेटे की उम्र से तीन गुना है । पाँच साल पहले पिता की उम्र बेटे की उम्र का चार गुना थी । बेटे की उम्र (वर्षों में) है :

A) 12
B) 15
C) 18
D) 20

Q14. Select that option which has the same relationship with third number as the second number has relationship with first number :

14 : 35 :: 18 : ?


A) 40
B) 45
C) 55
D) 60

प्र.14. उस विकल्प का चयन करें जिसका तृतीय संख्या से वही सम्बन्ध है, जो द्वितीय संख्या का प्रथम संख्या से है :

14 : 35 :: 18 : ?

A) 40
B) 45
C) 55
D) 60

Q15. Study the diagram below and identify the region representing youth, who are employed but not educated :



A) 4 only
B) 1, 4, 7
C) 4, 7
D) 4, 5, 6

प्र.15. निम्न आरेख का अध्ययन करें और उन युवाओं के क्षेत्र को ज्ञात कीजिए जिनके पास रोज़गार है, लेकिन शिक्षित नहीं हैं :

A) केवल 4
B) 1, 4, 7
C) 4, 7
D) 4, 5, 6

Q16. Arrange the following in a meaningful order :

1. Family 2. Community 3. Member 4. Locality 5. Country

A) 3, 1, 2, 4, 5
B) 3, 1, 2, 5, 4
C) 3, 1, 4, 2, 5
D) 3, 1, 4, 5, 2

प्र.16. निम्नलिखित को अर्थपूर्ण क्रम में व्यवस्थित करें :

1. परिवार 2. समुदाय 3. सदस्य 4. इलाका 5. देश

A) 3, 1, 2, 4, 5
B) 3, 1, 2, 5, 4
C) 3, 1, 4, 2, 5
D) 3, 1, 4, 5, 2

Q17. Usha as a manager has to make a quick decision based on the limited information. What should be her best approach ?

A) Gather all the possible data
B) Ignore expert advice
C) Trust her intuition
D) Postpone the decision

प्र.17. उषा को एक प्रबंधक के तौर पर सीमित जानकारी के आधार पर जल्द निर्णय लेना है । उनके लिए सबसे अच्छी कार्य पद्धति क्या होनी चाहिए ?

A) पूरा संभव आँकड़ा इकट्ठा करना
B) विशेषज्ञ की सलाह न मानना
C) अपने अंतर्ज्ञान पर भरोसा करना
D) निर्णय स्थगित कर देना

Q18. A manager has a choice of three investment funds. To assess them he looks at their past investment records over previous five years. The manager is operating under which condition ?

A) Certainty
B) Risk
C) Uncertainty
D) Probability

प्र.18. एक प्रबन्धक के पास तीन निवेश फंडों (पूँजियों) का विकल्प है । उनका मूल्यांकन करने के लिए वह उनके पिछले पाँच वर्षों के निवेश के दस्तावेजों को देखता है । प्रबन्धक किस स्थिति में कार्य कर रहा है ?

A) निश्चितता
B) जोखिम
C) अनिश्चितता
D) प्रायिकता

Q19. A decision which is taken to meet an unexpected situation is called

A) Problem decision
B) Crisis decision
C) Certainty decision
D) Organisational decision

प्र.19. एक निर्णय जो किसी अप्रत्याशित परिस्थिति से निपटने के लिए लिया जाता है, कहलाता है

A) समस्या निर्णय
B) संकट निर्णय
C) निश्चित निर्णय
D) संगठनात्मक निर्णय

Q20. Assertion (A) and Reason (R) are given, choose the correct option :

Assertion (A) : Due to increase in carbon dioxide, the poles snow will melt.

Reason (R) : Global temperature will increase.

A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct reason of (A).
B) Both (A) and (R) are correct but (R) is not the correct explanation of (A).
C) (A) is wrong but (R) is correct.
D) Both (A) and (R) are wrong.

प्र.20. कथन (A) तथा कारण (R) दिये गये हैं, विकल्पों में से सही को चुनिये :

कथन (A) : कार्बन डाइऑक्साइड में वृद्धि के कारण ध्रुवीय बर्फ पिघल जायेगी ।

कारण (R) : वैश्विक तापमान बढ़ेगा ।

A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही कारण है ।
B) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
C) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।
D) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं ।

Q21. Assertion (A) and Reason (R) are given, choose the correct option :

Assertion (A) : River Narmada flows towards West.

Reason (R) : Narmada falls in the Bay of Bengal.

A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct reason of (A).
B) Both (A) and (R) are correct but (R) is not the correct explanation of (A).
C) (A) is wrong but (R) is correct.
D) Both (A) and (R) are wrong.

प्र.21. कथन (A) तथा कारण (R) दिये गये हैं, विकल्पों में से सही को चुनिये :

कथन (A) : नर्मदा नदी पश्चिम की तरफ बहती है ।

कारण (R) : नर्मदा बंगाल की खाड़ी में गिरती है ।

A) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) का सही कारण है ।
B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
C) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।
D) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं ।

Q22. Among the following, which dimension of emotional intelligence involves understanding and identifying one's own emotion ?

A) Social skills
B) Self-awareness
C) Self-regulation
D) Empathy

प्र.22. निम्नलिखित में से संवेगात्मक बुद्धिमत्ता के किस आयाम में व्यक्ति का अपनी भावनाओं को समझना और पहचानना सम्मिलित है ?

A) सामाजिक कौशल
B) आत्म-जागरूकता
C) आत्म-नियमन
D) समानुभूति

Q23. You are going to office and suddenly you found two hundred rupees note outside the home in the street, then what action will you take ?

A) Keep it in your own pocket.

B) Leave it where it is.

C) Give rupees to beggar.

D) Deposit rupees in the nearest police station.

प्र.23. आप कार्यालय जा रहे हैं और अचानक आपको घर के बाहर गली में दो सौ रुपये का नोट पड़ा मिल जाए तब आप क्या करेंगे ?

A) उसको आप अपनी जेब में रख लेंगे ।

B) उसे वहीं छोड़ देंगे जहाँ पर वह है ।

C) रुपये भिखारी को दे देंगे ।

D) रुपये को नजदीक के पुलिस स्टेशन में जमा कर देंगे ।

Q24. Choosing the best course of action amongst the available choices is called as :

A) Screening

B) Evaluating

C) Decision Making

D) None of the above

प्र.24. उपलब्ध विकल्पों में से सर्वोत्तम विकल्प का चयन करना कहलाता है :

A) जाँच करना

B) मूल्यांकन करना

C) निर्णय लेना

D) उपरोक्त में से कोई नहीं

Q25. It is assumed that the person having high emotional intelligence may not always be adaptive because _____

A) they are more sensitive in mood manipulation.

B) others will likely ignore them.

C) they have high opinion of themselves.

D) they consider themselves superior to others.

प्र.25. यह माना जाता है कि उच्च संवेगात्मक बुद्धि वाले व्यक्ति हमेशा अनुकूलनशील नहीं हो सकते क्योंकि

A) वे मनोदशा में बदलाव के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं ।

B) अन्य लोग संभवत: उन्हें अनदेखा कर देंगे ।

C) वे अपने बारे में उच्च राय रखते हैं ।

D) वे अपने आपको औरों से उच्चतर मानते हैं ।

Q26. When the person considers other people's feelings, especially when making decision is called _____.

A) Sympathy

B) Empathy

C) Self-awareness

D) None of the above

प्र.26. जब व्यक्ति दूसरे लोगों की भावनाओं पर विचार करता है, विशेषकर निर्णय लेते समय, उसे कहा जाता है

A) सहानुभूति

B) समानुभूति

C) आत्म-जागरूकता

D) उपरोक्त में से कोई नहीं

Q27. Which of the following is not the element of thinking ?

A) Images

B) Concepts

C) Language

D) Concrete thinking

प्र.27. निम्नलिखित में से कौन सा चिंतन का तत्त्व नहीं है ?

A) प्रतिमाएँ

B) अवधारणाएँ

C) भाषा

D) ठोस चिंतन

Q28. Which one of the following is correct answer for the characteristics of objectivity in critical thinking ?

I. Neutral perspective

II. Biased awareness

III. Subjective interpretation

A) Only I & II

B) Only I & III

C) Only II & III

D) Only III

प्र.28. आलोचनात्मक चिंतन में वस्तुनिष्ठता के गुणों हेतु निम्नलिखित उत्तरों में से कौन सा सत्य है ?

I. तटस्थ दृष्टिकोण

II. पक्षपाती जागरूकता

III. व्यक्तिपरक व्याख्या

A) केवल I और II

B) केवल I और III

C) केवल II और III

D) केवल III

Q29. You are in a job in such a workplace where you have very tight schedule and you are into courtship with someone who is not able to spend time with you, what will be your reaction ?

A) You will get disappointed.

B) You will be maladjusted and try to leave her.

C) You will ask for quality time from her and then to decide as how to move in relationship further.

D) You will find yourself weak and worthless.

प्र.29. आप ऐसे कार्यस्थल पर कार्यरत हैं जहाँ आपके काम का शेडचूल बहुत व्यस्त है और आपका प्रेमालाप ऐसे व्यक्ति के साथ है जो आपको समय नहीं दे पा रही है, आपकी प्रतिक्रिया क्या होगी ?

A) आप निराश हो जाएँगे ।

B) आप कुसमायोजित होंगे व उसे छोड़ने का प्रयत्न करेंगे ।

C) आप उससे गुणवत्ता समय के लिए पूछेंगे और तब निर्णय लेंगे की सम्बन्धों को आगे कैसे बढ़ाया जाए ।

D) आप अपने आपको कमजोर एवं बेकार समझने लगेंगे ।

Q30. If South-East becomes North, North-East becomes West and so on. What will West become ?

A) North-East

B) North-West

C) South-East

D) South-West

प्र.30. यदि दक्षिण-पूर्व उत्तर बन जाये, उत्तर-पूर्व पश्चिम बन जाये इत्यादि, तो पश्चिम क्या हो जायेगा ?

A) उत्तर-पूर्व

B) उत्तर-पश्चिम

C) दक्षिण-पूर्व

D) दक्षिण-पश्चिम

Q31. Arrange the given words according to English dictionary and choose the correct sequence :

1. Preach 2. Praise 3. Precinct 4. Precept 5. Precede

A) 2, 1, 5, 4, 3

B) 2, 1, 3, 4, 5

C) 2, 5, 1, 4, 3

D) 1, 2, 5, 4, 3

प्र.31. दिए गये शब्दों को अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करें और सही क्रम चुनें :

1. Preach 2. Praise 3. Precinct 4. Precept 5. Precede

A) 2, 1, 5, 4, 3

B) 2, 1, 3, 4, 5

C) 2, 5, 1, 4, 3

D) 1, 2, 5, 4, 3

Q32. Your close relative has not invited you in his marriage ceremony. In such a situation, what will you do ?

A) Attend the marriage ceremony

B) Ignore the whole affairs

C) Send him best wishes

D) Stand against him

प्र.32. आपके बहुत करीबी रिश्तेदार ने आपको अपने विवाह समारोह में नहीं बुलाया । ऐसी स्थिति में आप क्या करेंगे ?


A) वैवाहिक समारोह में शामिल होंगे ।

B) पूरे मामले को नजर-अंदाज कर देंगे ।

C) उसे शुभकामनाएँ भेजेंगे ।

D) उसके विरुद्ध खड़े होंगे ।

Q33. Select that box which cannot be made by folding the given unfolded box :



(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

Q34. The perfect number in the following is :

A) 24

B) 22

C) 28

D) 26

प्र.34. निम्न में पूर्ण संख्या है :


A) 24

B) 22

C) 28

D) 26

Q35. How many triangles are there in the given figure ?




A) 8
B) 10
C) 12
D) 14

प्र.35. दी गई आकृति में कितने त्रिभुज हैं ?

A) 8
B) 10
C) 12
D) 14

Q36. Insert the missing number in the following figure :




A) 25
B) 37
C) 41
D) 47

प्र.36. निम्नलिखित आकृति में विलुप्त संख्या भरें :

A) 25
B) 37
C) 41
D) 47

Q37. The missing number in the following figure is :



A) 1813
B) 3906
C) 3913
D) 4913

प्र.37. निम्नलिखित आकृति में विलुप्त संख्या है :

A) 1813
B) 3906
C) 3913
D) 4913

Q38. Six friends A, B, C, D, E, F are sitting around a circular table. D is sitting in between C and A. B is sitting at second position right to E. E is sitting just right side of A. Who is sitting just right side of F ?

A) B
B) E
C) D
D) C

प्र.38. छः मित्र A, B, C, D, E, F एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर बैठे हैं । D, C और A के मध्य बैठा है । B, E के दाहिने ओर दूसरे स्थान पर बैठा है । E, A के ठीक दाहिने बैठा है । F के ठीक दायीं ओर बगल में कौन बैठा है ?

A) B
B) E
C) D
D) C

Q39. Which of the following number is exactly divisible by all prime numbers between 1 and 17 ?

A) 345345
B) 440440
C) 510510
D) 515513

प्र.39. निम्नलिखित में से कौन सी संख्या 1 और 17 के बीच सभी अभाज्य संख्याओं से पूरी तरह विभाज्य है ?

A) 345345
B) 440440
C) 510510
D) 515513

Q40. The difference between the squares of two consecutive odd integers, is always divisible by which ?

A) 3
B) 6
C) 7
D) 8

प्र.40. दो क्रमागत विषम पूर्णांकों के वर्गों के मध्य का अन्तर हमेशा किससे विभाज्य है ?

A) 3
B) 6
C) 7
D) 8

Q41. The remainder for $3^{560} \div 8$ is :

A) 1
B) 2
C) 3
D) 5

प्र.41. $3^{560} \div 8$ का शेषफल है :

A) 1
B) 2
C) 3
D) 5

Q42. The smallest number to be added to 1000 so that 45 divides the sum exactly, is :

A) 10
B) 20
C) 35
D) 80

प्र.42. 1000 में सबसे छोटी कौन सी संख्या जोड़ी जाए जिससे कि योग 45 से पूर्णत: विभाजित हो ?

A) 10
B) 20
C) 35
D) 80

Q43. A man plants 15376 Apple trees in his garden and arranges them so that there are as many rows as there are Apple trees in each row. The number of rows are :

A) 124
B) 126
C) 134
D) 144

प्र.43. एक व्यक्ति अपने बगीचे में 15376 सेब के पेड़ लगाता है तथा वह उन्हें इस तरह से व्यवस्थित करता है कि बगीचे में उतनी ही पंक्तियाँ होती हैं जितने प्रत्येक पंक्ति में सेब के पेड़ हैं, तो पंक्तियों की संख्या है :

A) 124
B) 126
C) 134
D) 144

Q44. If $1^3 + 2^3 + \ldots\ldots + 9^3 = 2025$, then the value of $(0.11)^3 + (0.22)^3 + \ldots\ldots + (0.99)^3$ upto 3 decimal places is :

A) 3.695
B) 2.695
C) 0.369
D) 0.269

प्र.44. यदि $1^3 + 2^3 + \ldots\ldots + 9^3 = 2025$, तो $(0.11)^3 + (0.22)^3 + \ldots\ldots + (0.99)^3$ का मान दशमलव के तीन अंकों तक होगा :

A) 3.695
B) 2.695
C) 0.369
D) 0.269

Q45. Select the right letter for the question mark (?) in the following question :

A G L P S ?

A) W
B) Y
C) X
D) U

प्र.45. निम्नलिखित प्रश्न में प्रश्नचिह्न (?) के लिए सही अक्षर का चयन करें :

A G L P S ?

A) W
B) Y
C) X
D) U

Q46. The number 476**0 is divisible by both 3 and 11. The non-zero digits in the hundredth and tenth place respectively are :

A) 7, 4
B) 7, 5
C) 8, 5
D) None of these

प्र.46. संख्या 476**0, दोनों संख्याओं 3 तथा 11 से विभाज्य है, सैकड़े तथा दहाई के स्थान पर क्रमश: अशून्य अंक हैं :

A) 7, 4
B) 7, 5
C) 8, 5
D) इनमें से कोई नहीं

Q47. The product of two co-prime numbers is 117. The sum of their LCM and HCF is :

A) 7
B) 118
C) 119
D) 117

प्र.47. दो सह-अभाज्य संख्याओं का गुणनफल 117 है । उनके ल.स.प. तथा म.स.प. का योगफल है :

A) 7
B) 118
C) 119
D) 117

Q48. If the first half of the English alphabetical series is reversed, then which letter will be 12th to the right of 7th letter from the left end ?

A) N
B) P
C) O
D) S

प्र.48. यदि अंग्रेजी वर्णमाला की पहली आधी शृंखला को उलट दिया जाए, तो बाएँ छोर से 7वें अक्षर के दाएँ से 12वें स्थान पर कौन सा अक्षर होगा ?

A) N
B) P
C) O
D) S

Q49. What is the remainder when $7^{22} \times 5^{17}$ is divided by 100 ?

A) 25
B) 75
C) 45
D) 55

प्र.49. $7^{22} \times 5^{17}$ को 100 से विभाजित करने पर शेषफल क्या है ?

A) 25
B) 75
C) 45
D) 55

Q50. The best diagram to represent percentage data is known as :

A) Bar diagram
B) Histogram
C) Pie-chart
D) None of the above

प्र.50. प्रतिशत आँकड़ों को दर्शाने का सबसे अच्छा चित्र है

A) दण्ड चित्र
B) आयत चित्र
C) वृत्त चित्र
D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Q51. Cumulative frequency curves are required to find out which of the following measures ?

A) Arithmetic mean
B) Median
C) Mode
D) None of the above

प्र.51. निम्नलिखित में से कौन सा मान ज्ञात करने के लिए संचयी आवृत्ति वक्रों की आवश्यकता होती है ?

A) समान्तर माध्य
B) माध्यिका
C) बहुलक
D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Q52. A tabular presentation of data with different non-overlapping classes is defined as :

A) Chronological distribution
B) Ordinal distribution
C) Frequency distribution
D) Nominal distribution

प्र.52. विभिन्न गैर-अतिव्यापी वर्गों के साथ आँकड़ों का सारणिक प्रस्तुतीकरण कहलाता है :

A) कालानुक्रमिक बंटन
B) क्रमिक बंटन
C) बारम्बारता बंटन
D) नामिक बंटन

Q53. Measures of central tendency are :

I : Mean, Median and Mode

II : Mean, Median, Mode and Variance

Choose the best alternative.

A) I alone is sufficient.
B) II alone is sufficient.
C) Neither I nor II is sufficient.
D) Both I and II are sufficient.

प्र.53. केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप हैं :

I : माध्य, माध्यिका और बहुलक

II : माध्य, माध्यिका, बहुलक और विचरण

सर्वोत्तम विकल्प चुनिये ।

A) I अकेले पर्याप्त है ।
B) II अकेले पर्याप्त है ।
C) न तो I न ही II पर्याप्त है ।
D) I और II दोनों पर्याप्त हैं ।

Q54. Consider the given question and decide which of the following statement(s) is/are sufficient to answer the question :

What is the price range of ordinary wall clocks ?

Statement I : The price range of ordinary wrist watches of company X is ₹ 400 to ₹ 600.

Statement II : The price range of ordinary wall clock of company X is 50% that of their ordinary wrist watches.

A) The data given in both statements are needed.
B) The data given in both statements together are not sufficient to answer the question.
C) The data given in statement I or II alone are sufficient to answer the question.
D) The data given in statement II alone is sufficient.

प्र.54. नीचे दिये गये प्रश्न का उत्तर देने के लिए तय कीजिए कि नीचे दिये गये कथनों में से कौन सा/से पर्याप्त है/हैं :

साधारण दीवार घड़ियों की मूल्य सीमा क्या है ?

कथन I : कम्पनी X की साधारण कलाई घड़ियों की मूल्य सीमा ₹ 400 से ₹ 600 है ।

कथन II : कम्पनी X की साधारण दीवार घड़ियों की मूल्य सीमा उनकी साधारण कलाई घड़ियों का 50% है ।

A) दोनों कथनों में दिया गया आँकड़ा आवश्यक है ।
B) दोनों कथनों में दिया गया आँकड़ा मिलकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है ।
C) कथन I या कथन II में दिया गया आँकड़ा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है ।
D) कथन II में दिया गया आँकड़ा अकेले पर्याप्त है ।

Q55. If $1\frac{2}{3} \div 2/7 \times x/7 = 1\frac{1}{4} \times 2/3 \div 1/6$, then value of $(x^2 + 2x + 1)$ is :

A) 1/50
B) 50
C) 49
D) 1/49

प्र.55. यदि $1\frac{2}{3} \div 2/7 \times x/7 = 1\frac{1}{4} \times 2/3 \div 1/6$, तब $(x^2 + 2x + 1)$ है :

A) 1/50
B) 50
C) 49
D) 1/49

Q56. In a line graph, the sales of a company A increases linearly from 100 to 200 units in 5 years, then what is the average yearly increase ?

A) 10
B) 20
C) 25
D) 15

प्र.56. एक रेखा आरेख में, कम्पनी A की बिक्री 5 वर्षों में 100 से 200 यूनिट्स तक रैखिक रूप से बढ़ती है तब औसत वार्षिक वृद्धि क्या है ?

A) 10
B) 20
C) 25
D) 15

Q57. Study the table given below which shows the total export of six countries during 2020 – 2024 (in crore of rupees) :

Country \ Year | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 | 2024
A | 20 | 40 | 60 | 45 | 90
B | 30 | 25 | 15 | 50 | 100
C | 50 | 55 | 70 | 90 | 65
D | 45 | 60 | 20 | 15 | 25
E | 60 | 50 | 55 | 100 | 110
F | 24 | 40 | 60 | 75 | 120

What was the profit of all the countries together in the year 2024 if the total imports of all the countries (in the same year) was ₹ 385 crores ? (Assume Profit = Export – Import)

A) ₹ 510 crores
B) ₹ 280 crores
C) ₹ 160 crores
D) ₹ 125 crores

प्र.57. नीचे दी गयी सारणी का अध्ययन कीजिए जो 2020 – 2024 के लिए छ: राष्ट्रों के कुल निर्यात (करोड़ ₹ में) को दर्शाती है :

राष्ट्र \ वर्ष | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 | 2024
A | 20 | 40 | 60 | 45 | 90
B | 30 | 25 | 15 | 50 | 100
C | 50 | 55 | 70 | 90 | 65
D | 45 | 60 | 20 | 15 | 25
E | 60 | 50 | 55 | 100 | 110
F | 24 | 40 | 60 | 75 | 120

यदि सभी राष्ट्रों का कुल आयात 2024 में ₹ 385 करोड़ था तो उसी वर्ष में सभी राष्ट्रों का कुल लाभ क्या था ? (माना कि, लाभ = निर्यात – आयात)

A) ₹ 510 करोड़
B) ₹ 280 करोड़
C) ₹ 160 करोड़
D) ₹ 125 करोड़

Q58. In a frequency table, either the lower limit of first class or the upper limit of the last class is not a fixed number, then the classes are called

A) Two-way class
B) Open end class
C) One way class
D) Discrete class

प्र.58. यदि एक बारम्बारता सारणी में या तो प्रथम वर्ग की निचली सीमा अथवा अन्तिम वर्ग की ऊपरी सीमा एक निश्चित संख्या नहीं होती है, तो वर्गों को कहा जाता है

A) दो-तरफा वर्ग
B) खुले छोर वाले वर्ग
C) एक-तरफा वर्ग
D) विच्छिन्न वर्ग

Q59. In a continuous type class intervals, there are two class intervals 0 – 10 and 10 – 20. If a student scores 10 marks, then he should be included in which class interval ?

A) 10 – 20
B) 0 – 10
C) Neither 0 – 10 nor 10 – 20
D) Cannot be decided

प्र.59. किसी एक संतत प्रकार के वर्ग अन्तराल में, दो वर्ग अन्तराल 0 – 10 और 10 – 20 हैं । यदि कोई छात्र 10 अंक प्राप्त करता है तो उसे किस वर्ग अन्तराल में सम्मिलित किया जाना चाहिए ?

A) 10 – 20
B) 0 – 10
C) न तो 0 – 10 में और न ही 10 – 20 में
D) निर्णय नहीं लिया जा सकता है ।

Q60. Consider the given question and decide which of the following statement(s) is/are sufficient to answer the question :

Among five friends, who is the tallest ?

Statement I : D is taller than A and C.

Statement II : B is shorter than E but taller than D.

A) The data in statement I alone is sufficient.

B) The data in statement II alone is sufficient.

C) The data in neither statement I nor II alone is sufficient.

D) The data in both the statements I and II together are sufficient.

प्र.60. नीचे दिये गये प्रश्न का उत्तर देने के लिए तय कीजिए कि नीचे दिये गए कथनों में से कौन सा/से पर्याप्त है/हैं :

पाँच दोस्तों में सबसे लम्बा कौन है ?

कथन I : D, A और C से लम्बा है ।

कथन II : B, E से छोटा है, लेकिन D से लम्बा है ।

A) कथन I में दिया गया आँकड़ा अकेले पर्याप्त है ।

B) कथन II में दिया गया आँकड़ा अकेले पर्याप्त है ।

C) न तो कथन I और न ही कथन II में दिया गया आँकड़ा अकेले पर्याप्त है ।

D) दोनों कथनों I और II का आँकड़ा मिलकर पर्याप्त है ।

Q61. Read the given Assertion (A) and Reason (R) carefully.

Assertion (A) : Methane gas released by some industries lead to global warming.

Reason (R) : Methane is a heavy gas and settles in the lower region of atmosphere.

Choose the option that accurately describes the relationship between them :

A) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

B) (A) is correct but (R) is false.

C) (A) is false but (R) is true.

D) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

प्र.61. दिये गये अभिकथन (A) और कारण (R) को ध्यान से पढ़ें ।

अभिकथन (A) : कुछ उद्योगों द्वारा उत्सर्जित मीथेन गैस वैश्विक तापन का कारण बनती है ।

कारण (R) : मीथेन एक भारी गैस है और यह वायुमण्डल के निचले क्षेत्रों में जमा होती है ।

वह विकल्प चुनें जो उनके बीच संबंध को सही तरीके से वर्णित करता है :

A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

B) (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है ।

C) (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है ।

D) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

Q62. Mirror image of the word MALAYALAM ..... is :

(a) MALAYALAM
(b) MALAYALAM
(c) MALAYALAM
(d) MALAYALAM

प्र.62. शब्द MALAYALAM ..... का दर्पण प्रतिबिम्ब है

Q63. The number of primes between 49 to 121 are :

A) 13

B) 14

C) 15

D) 16

प्र.63. 49 से 121 के बीच अभाज्यों की संख्या है :

A) 13

B) 14

C) 15

D) 16

Q64. Which word will come at the place of question mark (?) ?

MATHEMATICS : LOGIC :: SCIENCE : ?

A) Scientist

B) Experiment

C) Fact

D) Laboratory

प्र.64. प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर कौन सा शब्द आयेगा ?

गणित : तर्क :: विज्ञान : ?

A) वैज्ञानिक

B) प्रयोग

C) तथ्य

D) प्रयोगशाला

Q65. Choose the odd-pair of words from the following :

A) Volume : Litre
B) Time : Seconds
C) Resistance : Ohm
D) Pressure : Barometer

प्र.65. निम्नलिखित में से शब्दों के असमान-युग्म को चुनिए :

A) आयतन : लीटर
B) समय : सेकण्ड
C) प्रतिरोध : ओम
D) दाब : वायुदाबमापी

Q66. If HIGHT = 35, and LOWER = 53, then GATES is equal to :

A) 37
B) 46
C) 56
D) 67

प्र.66. यदि HIGHT = 35, और LOWER = 53, तब GATES का मान है :

A) 37
B) 46
C) 56
D) 67

Q67. If 12 + 2 = 6, 27 + 3 = 9 and 15 + 5 = 3, then the value of 150 + (35 + 7) is :

A) 55
B) 45
C) 35
D) 30

प्र.67. यदि 12 + 2 = 6, 27 + 3 = 9 और 15 + 5 = 3, तब 150 + (35 + 7) का मान है :

A) 55
B) 45
C) 35
D) 30

Q68. Select the odd-one out of the following :

A) 7, 13, 17
B) 29, 23, 5
C) 17, 19, 3
D) 15, 5, 11

प्र.68. निम्नलिखित में से विषम को चुनिए :

A) 7, 13, 17
B) 29, 23, 5
C) 17, 19, 3
D) 15, 5, 11

Q69. Statement : Some tables are T.V.
Some T.V. are radios.
Conclusion : I. Some tables are radios.
II. Some radios are tables.
III. All radios are T.V.
IV. All T.V. are tables.

A) No One
B) All Above
C) Only I and III
D) Only II and IV

प्र.69. कथन : कुछ मेज टी.वी. हैं ।
कुछ टी.वी. रेडियो हैं ।
निष्कर्ष : I. कुछ मेज रेडियो हैं ।
II. कुछ रेडियो मेज हैं ।
III. सभी रेडियो टी.वी. हैं ।
IV. सभी टी.वी. मेज हैं ।

A) कोई नहीं
B) उपरोक्त सभी
C) केवल I और III
D) केवल II और IV

Q70. Choose the word which is least like the other words in the group :

A) Listen
B) Swim
C) Walk
D) Climb

प्र.70. वह शब्द चुनें जो समूह के अन्य शब्दों से सबसे कम मिलता है :

A) सुनना
B) तैरना
C) टहलना
D) चढ़ना

Q71. Arrange the following words in a logical sequence :

1. Police 2. Punishment 3. Crime 4. Judge 5. Judgement

A) 3, 1, 2, 4, 5

B) 1, 2, 4, 3, 5

C) 5, 4, 3, 2, 1

D) 3, 1, 4, 5, 2

प्र.71. निम्न दिये गये शब्दों को तार्किक अनुक्रम में लगायें :

1. पुलिस 2. सज़ा 3. अपराध 4. न्यायाधीश 5. फैसला

A) 3, 1, 2, 4, 5

B) 1, 2, 4, 3, 5

C) 5, 4, 3, 2, 1

D) 3, 1, 4, 5, 2

Q72. If 2 + 3 = 13 and 3 + 4 = 25 then what will be (4 + 5) ?

A) 35

B) 41

C) 45

D) 49

प्र.72. यदि 2 + 3 = 13 और 3 + 4 = 25 तब (4 + 5) क्या होगा ?

A) 35

B) 41

C) 45

D) 49

Q73. If ZEBRA is written as 2652181 then LION can be written as

A) 12101415

B) 1291013

C) 1291514

D) 1210913

प्र.73. यदि ZEBRA को 2652181 लिखा जाता है, तो LION को लिखा जायेगा

A) 12101415

B) 1291013

C) 1291514

D) 1210913

Q74. If the letters of the word "CYLINDER" are arranged alphabetically, then which letter would be farthest from the first letter of the word ?

A) N

B) E

C) Y

D) R

प्र.74. यदि शब्द "CYLINDER" के अक्षरों को एल्फाबेटिकल क्रम में लगाया जाये, तो शब्द के प्रथम अक्षर से कौन सा अक्षर अधिकतम दूरी पर होगा ?

A) N

B) E

C) Y

D) R

Q75. If '+' means subtraction, '÷' means addition, '–' means multiplication and '×' means division, then which of the following equation is correct ?

A) 8 ÷ 44 – 5 + 25 = 203

B) 9 ÷ 64 – 2 × 6 = 54

C) 56 + 12 × 34 – 12 = 102

D) 112 × 44 – 12 + 10 = 46

प्र.75. यदि '+' का अर्थ घटाना, '÷' का अर्थ जोड़ना, '–' का अर्थ गुणा और '×' का अर्थ भाग होना है, तो निम्नलिखित में से कौन सा समीकरण सही है ?

A) 8 ÷ 44 – 5 + 25 = 203

B) 9 ÷ 64 – 2 × 6 = 54

C) 56 + 12 × 34 – 12 = 102

D) 112 × 44 – 12 + 10 = 46

Q76. Evaluate the following :

$7 \times (5 \times 3) - 2 \times [(6 - 3) - 4^2] + 1$

A) 144

B) 132

C) 102

D) None of the above

प्र.76. निम्न को हल कीजिए :

$7 \times (5 \times 3) - 2 \times [(6 - 3) - 4^2] + 1$

A) 144

B) 132

C) 102

D) उपरोक्त में से कोई नहीं

Q77. Statement : Be humble even after being victorious.
Assumptions : I Many people are humble after being victorious.
: II Generally people are not humble.
A) Only Assumption I is implicit.
B) Only Assumption II is implicit.
C) Either I or II is implicit.
D) Both I and II are implicit.

प्र.77. कथन : विजयी होने के बाद भी विनम्र रहें ।
धारणाएँ : I बहुत से लोग विजयी होकर भी विनम्र रहते हैं ।
: II सामान्यत: लोग विनम्र नहीं हैं ।
A) केवल धारणा I अंतर्निहित है ।
B) केवल धारणा II अंतर्निहित है ।
C) या तो I या II अंतर्निहित है ।
D) I और II दोनों अंतर्निहित हैं ।

Q78. How many numbers from 1 to 100 are there, each of which is not only exactly divisible by 4 but also has 4 as a digit ?
A) 7
B) 10
C) 20
D) 21

प्र.78. 1 से 100 तक कितनी ऐसी संख्यायें हैं जो कि न केवल 4 से पूरी तरह विभाज्य हैं, बल्कि जिनमें 4 अंक के रूप में भी शामिल है ?
A) 7
B) 10
C) 20
D) 21

Q79. You have been asked to appoint a personal secretary. Which of the following quality would you consider as most important ?
A) Impressive personality
B) Good experience
C) Highly educated
D) An efficient stenographer

प्र.79. आपको निजी सचिव को नियुक्त करने के लिए कहा गया, आप उसमें निम्न में से कौन से अति महत्त्वपूर्ण गुण पर विचार करेंगे ?
A) प्रभावी व्यक्तित्व
B) अच्छा अनुभव
C) उच्च शिक्षित
D) सक्षम स्टेनोग्राफर

Q80. Which word cannot be formed from the letters of the word "EXAMINATION" ?
A) MENTION
B) AXE
C) NATION
D) MANGO

प्र.80. "EXAMINATION" शब्द के अक्षरों से कौन सा शब्द नहीं बन सकता ?
A) MENTION
B) AXE
C) NATION
D) MANGO

Part – 2 | खण्ड – 2

(Questions 81 to 93 are printed in Hindi only — English version not applicable)

निम्नलिखित अपठित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (प्रश्न संख्या 81 – 86)

श्रद्धा और प्रेम के योग का नाम भक्ति है । जब पूज्य भाव की वृद्धि के साथ श्रद्धा भाजन से सामीप्य-लाभ की प्रवृत्ति हो, उसकी सत्ता के कई रूपों के साक्षात्कार की वासना हो, तब हृदय में भक्ति का प्रादुर्भाव समझना चाहिए । जब श्रद्धेय के दर्शन, श्रवण, कीर्तन, ध्यान आदि से आनंद का अनुभव होने लगे, तब उससे सम्बन्ध रखने वाले श्रद्धा के विषय के अतिरिक्त बातों की ओर भी मन आकर्षित होने लगे, तब भक्ति रस का संचार समझना चाहिए । जब श्रद्धेय का उठना, बैठना, चलना, फिरना, हँसना, बोलना, क्रोध करना आदि भी हमें अच्छा लगने लगे, तब हम समझ लें, कि उसके भक्त हो गए । भक्ति की अवस्था प्राप्त होने पर हम अपने जीवन-क्रम का थोड़ा या बहुत सारा अंश उसे अर्पित करने को प्रस्तुत होते हैं, और उसके जीवन-क्रम पर भी अपना कुछ प्रभाव रखना चाहते हैं । कभी हम अर्पण करते हैं और कभी याचना करते हैं । सारांश यह कि भक्ति द्वारा हम भक्ति-भाजन से विशेष घनिष्ठ सम्बंध स्थापित करते हैं – उसकी सत्ता में विशेष रूप से योग देना

चाहते हैं । किसी के प्रति श्रद्धा धारण करके हम बहुत करेंगे तो समय-समय पर उसकी प्रशंसा करेंगे, उसकी निन्दा करने वालों से झगड़ा करेंगे, या कभी कुछ उपहार लेकर उपस्थित होंगे, पर जिनके प्रति हमारी अनन्य भक्ति हो जाएगी, वह अपने जीवन के बहुत से अवसरों पर हमें अपने साथ देख सकता है । वह अपने बहुत से उद्योगों में हमारा योगदान पा सकता है – भक्त वे ही कहला सकते हैं, जो अपने जीवन का बहुत-सा अंश स्वार्थ (परिवार व शारीरिक सुख आदि) से विभक्त करके किसी के आश्रय से किसी ओर लगा सकते हैं । इसी का नाम है आत्म-निवेदन ।

Q81. (English version not applicable — Hindi only)

प्र.81. पूज्य भाव की वृद्धि के साथ कौन सी प्रवृत्ति उत्पन्न होती है ?

A) सामीप्य-लाभ
B) अनन्य आकर्षण
C) प्रेम भाव
D) दर्शन भाव

Q82. (English version not applicable — Hindi only)

प्र.82. जब श्रद्धा के विषयों के अतिरिक्त अन्य बातों की ओर भी मन आकर्षित होने लगे तब किस रस का संचार होता है ?

A) प्रेम रस
B) करुण रस
C) भक्ति रस
D) वीर रस

Q83. (English version not applicable — Hindi only)

प्र.83. जब श्रद्धेय का उठना, बैठना, चलना आदि अच्छा लगने लगे, तो क्या समझना चाहिए ?

A) हम भक्त हो गए ।
B) हम विरक्त हो गए ।
C) हम प्रिय हो गए ।
D) हम दुश्मन हो गए ।

Q84. (English version not applicable — Hindi only)

प्र.84. उपर्युक्त अपठित गद्यांश का शीर्षक होगा :

A) श्रद्धा
B) श्रद्धा और भक्ति
C) भक्ति
D) प्रेम

Q85. (English version not applicable — Hindi only)

प्र.85. श्रद्धा और प्रेम के योग का क्या नाम है ?

A) करुणा
B) भक्ति
C) क्रोध
D) वासना

Q86. (English version not applicable — Hindi only)

प्र.86. श्रद्धा धारण के पश्चात् हम श्रद्धेय की निन्दा करने वाले से क्या करते हैं ?

A) प्रेम
B) आदर
C) झगड़ा
D) दुर्व्यवहार

Q87. (English version not applicable — Hindi only)

प्र.87. 'महर्षि' में कौन सा समास है ?

A) अव्ययीभाव समास
B) बहुव्रीहि समास
C) कर्मधारय समास
D) द्वन्द्व समास

Q88. (English version not applicable — Hindi only)

प्र.88. 'हाथी' का पर्यायवाची है

A) धेनु
B) सरोज
C) मृग
D) कुंजर

Q89. (English version not applicable — Hindi only)

प्र.89. 'आरम्भ' का विलोम है

A) समापन
B) प्रसन्न
C) संचालन
D) गायन

Q90. (English version not applicable — Hindi only)

प्र.90. 'महैश्वर्य' का सन्धि-विच्छेद होगा

A) महै + श्वर्य
B) महा + ऐश्वर्य
C) महा + ईश्वर
D) महेश + वर्य

Q91. (English version not applicable — Hindi only)

प्र.91. 'निश्चल' में प्रत्यय है

A) नि
B) च
C) ल
D) निश्

Q92. (English version not applicable — Hindi only)

प्र.92. 'इच्छा' का तत्सम है

A) कामना
B) ईप्सा
C) लालसा
D) अभिलाषा

Q93. (English version not applicable — Hindi only)

प्र.93. इनमें से 'अभिमुख' का विलोम है :

A) प्रतिमुख
B) सन्मुख
C) उन्मुख
D) दुर्मुख

Read the passage given below and answer the questions that follow : (Q. No. 94 – 96)

(प्रश्न 94 से 100 केवल अंग्रेज़ी भाषा में मुद्रित हैं — हिंदी संस्करण लागू नहीं)

Humans have many forms of activity which are working of esteem and admiration, but it is our creative energy which is more exciting and wonderful than any one of our other

capabilities. Man is an innovative creature in the fields of science and art, and has innate values which have enabled him to create civilizations and to be inspired with hope despite humanity having lived through various dark periods in our development. This fact should not be absent for a moment from the minds of those state officials in charge of our new educational rebirth. They speak at great length about making good use of labour force, about its distribution and equipping it for the five year development plan and the needs of society and the environment.

Q94. Which of the following is considered as the most exciting and wonderful human capability ?

प्र.94. (हिंदी संस्करण लागू नहीं — केवल अंग्रेज़ी)

A) Our ability to adapt to changes
B) Our creative energy
C) Our physical strength
D) Our ability to work hard

Q95. What is the primary role of state officials as mentioned in the passage ?

प्र.95. (हिंदी संस्करण लागू नहीं — केवल अंग्रेज़ी)

A) To ensure the distribution of wealth.
B) To make good use of the labour force and equip it for the development plan.
C) To focus on the artistic achievements of humanity.
D) To maintain the traditional values of society.

Q96. What does the passage suggest about humanity's experience throughout history ?

प्र.96. (हिंदी संस्करण लागू नहीं — केवल अंग्रेज़ी)

A) Humanity has only experienced dark periods.
B) Humanity has not been able to create civilizations.
C) Humanity has gone through dark periods but remained hopeful and creative.
D) Humanity's creativity has been limited to arts.

Q97. Identify the antonym of 'Stigma'.

प्र.97. (हिंदी संस्करण लागू नहीं — केवल अंग्रेज़ी)

A) Bare
B) Honour
C) Vision
D) Status

Q98. What does the phrasal verb 'gloss over' mean ?

प्र.98. (हिंदी संस्करण लागू नहीं — केवल अंग्रेज़ी)

A) To highlight a problem.
B) To explain in detail.
C) To ignore deliberately.
D) To clarify the meaning.

Q99. Join the following pairs into a simple sentence :

The moon rose. Their journey was not ended.

A) The moon rose but their journey was not ended.
B) The moon rose till the end of their journey.
C) The moon rose before the end of their journey.
D) The moon rose between the end of their journey.

प्र.99. (हिंदी संस्करण लागू नहीं — केवल अंग्रेज़ी)

Q100. Choose the correct one word substitute for the following :

One who is beyond making a mistake :

A) Optimist
B) Infallible
C) Sceptic
D) Immigrant

प्र.100. (हिंदी संस्करण लागू नहीं — केवल अंग्रेज़ी)

SAMVEG IAS
UPSC | UKPCS | Civil Services